धनबाद, मंगलवार
11 फरवरी 2025
वर्ष : 03, अंक 108
मूल्य : 3 रुपये

# न्यूज 12 भारत

डिजिटल मीडिया
सच्ची बात



संस्करण : धनबाद | Website : www.news12bharat.com | Reg. DL 020009956 | E-mail : www.news12bharat@gmail.com 

## संक्षिप्त खबरें

### SNMMCH में पुलिस चौकी का एसएसपी ने किया फीता काटकर उद्घाटन, मेडिकल कॉलेज में सुरक्षा व विधि व्यवस्था के लिए 1-4 फोर्स की रहेगी तैनाती



**प्रतिनिधि न्यूज 12 भारत।**

धनबाद- एक लंबे समय से धनबाद के SNMMCH में सुरक्षा व विधि व्यवस्था के लिए पुलिस चौकी की मांग हो रही थी. पुलिस चौकी बनकर तैयार हो चूका है जिसका विधिवत उद्घाटन आज एसएसपी एचपी जनार्दनन ने फीता काटकर किया. एसएसपी ने बताया कि चिकित्सकों की सुरक्षा और हॉस्पिटल की सुरक्षा को लेकर लगातार यहां पुलिस चौकी की मांग हो रही थी. पुलिस चौकी बन जाने के बाद अब यहां 24 घंटे पुलिस जवान की तैनाती रहेगी. शुरूआत में 1-4 पुलिस बल यहां दिया जा रहा है और भविष्य में 2-8 करने पर भी जोर रहेगा.SNMMCH के अधीक्षक ने बताया कि पुलिस चौकी स्थापित हो जाने से यहां के चिकित्सकों एवं कर्मियों को भी एक आत्म बल मिलेगा. उन्होंने कहा कि SNMMCH में होमगार्ड जवानों की संख्या बढ़ाने की भी मांग अस्पताल प्रबंधन की ओर से एसएसपी के समक्ष रखी गई है. उन्होंने बताया वर्तमान में महज 20 होमगार्ड जवान को ही लिमिट किया गया है. अस्पताल का दायरा जिस प्रकार से बढ़ा है उस तुलना में होमगार्ड की संख्या 20 ना काफी है. यहां सुपर स्पेशयलिटी अस्पताल है. GNM और पारा मेडिकल हॉस्टल है पीजी ब्लॉक भी है तो इन सब की सुरक्षा को लेकर यहां डेढ़ सौ होमगार्ड जवानों की आवश्यकता है. इस बारे एसएसपी का कहना है कि इसपर उपायुक्त के साथ बैठक की जा एचपी जनार्दनन, एसएसपी, धनबाद

### भूली ओपी पुलिस की बड़ी कार्रवाई, 85 पुड़िया गांजा के साथ तस्कर गिरफ्तार



**प्रतिनिधि न्यूज 12 भारत।**

धनबादः भूली ओपी पुलिस ने मादक पदार्थों की तस्करी पर बड़ी कार्रवाई करते हुए गांजा बेचने वाले एक तस्कर को गिरफ्तार किया है। गुप्त सूचना के आधार पर की गई छापेमारी में 85 पुड़िया गांजा बरामद हुआ, जिसका कुल वजन करीब 300 ग्राम बताया जा रहा है।

भूली ओपी प्रभारी अभिनव कुमार ने प्रेस वार्ता के दौरान बताया कि वरीय पुलिस अधीक्षक के निदेर्शानुसार यह कार्रवाई की गई। गिरफ्तार आरोपी रवि सिंह पहले भी मादक पदार्थों की बिक्री में संलिप्त था और एक बार फिर अवैध धंधे में सक्रिय पाया गया। सूचना मिलते ही पुलिस ने भूली सी ब्लॉक स्थित उसकी दुकान पर छापा मारा और गांजा बरामद किया। इसके बाद आरोपी को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया गया।

भूली ओपी पुलिस ने जनता से अपील की है कि वे मादक पदार्थों की तस्करी करने वालों की सूचना पुलिस को दें। पुलिस का कहना है कि ऐसे अपराधों के खिलाफ लगातार कार्रवाई जारी रहेगी, ताकि समाज को नशे के दुष्प्रभावों से बचाया जा सके।

### डीएवी स्कूल बनियाहीर में बारहवीं कक्षा के छात्रो का विदाई समारोह



**प्रतिनिधि न्यूज 12 भारत।**

जोरापोखर। डीएवी स्कूल बनियाहीर में कक्षा बारहवीं के कला, वाणिज्य, तथा विज्ञान संकाय के छात्रों को विदाई दी गई। इस कार्यक्रम का आयोजन कक्षा ग्यारहवीं के छात्रों की सामूहिक सहभागिता के द्वारा किया गया। कार्यक्रम का शुभारम्भ हवन के द्वारा किया गया।इसके उपरांत कक्षा ग्यारहवीं के छात्र -छात्राओं के द्वारा विभिन्न प्रकार के कार्यक्रमों की प्रस्तुति दी गईं। कार्यक्रम का कुशल संचालन कक्षा ग्यारह की छात्रा अनन्या मिश्रा और रीतिका प्रसाद के द्वारा किया गया। कक्षा ग्यारहवीं की छात्रा आकांक्षा भारद्वाज के द्वारा प्रस्तुत नृत्य की प्रशंसा उपस्थित जन समूह के द्वारा उन्मुक्त कंठ से की गयी। कक्षा नवी की छात्रा रिया और उसके समूह ने अत्यंत मनमोहक नृत्य प्रस्तुत किया। कार्यक्रम के अंत में कक्षा ग्यारहवीं के छात्रों के द्वारा सुरुचि अल्पाहार की व्यवस्था की गईं थी, जिसका बड़े मनोयोग से बच्चों ने आनंद उठाया।

कार्यक्रम का कुशल निर्देशन विद्यालय की अंग्रेजी की वरिष्ठ शिक्षिका श्रीमती सोमा बनर्जी के द्वारा किया गया।इस अवसर पर छात्रों को सम्बोधित करते हुए विद्यालय के प्राचार्य श्री एजाज अहमद ने कहा कि, जीवन में सर्वदा प्रगति के मार्ग पर अग्रसरित हो। माता -पिता के सपनो को साकार करें, तथा लक्ष्य की प्राप्ति के लिए निरंतर परिश्रम करें, क्योकि परिश्रम ही सफलता की कुंजी है। आपके लिए विद्यालय का द्वार हमेशा खुला हुआ है तथा सभी शिक्षक आपकी समस्या के निराकरण के लिए सर्वदा तत्पर मिलेंगे। वरिष्ठ शिक्षक श्री देवेंद्र कुमार पाणिनि तथा श्री शुभांकर सरकार ने भी छात्रों को अपनी शुभकामना दी

## ज्योति कलश रथ यात्रा का उद्देश्य जन जन में सनातन संस्कृति से आत्मीय जुड़ाव विश्व शांति सद्भाव विश्वास कायम रखना - मनोज चौधरी

**प्रतिनिधि न्यूज 12 भारत।**



**सरायकेला::** शांति और सद्भाव का संदेश जन-जन तक पहुंचाने के उद्देश्य से शांतिकुंज हरिद्वार से निकला ज्योति कलश यात्रा रथ घर पहुंचने पर नपं पूर्व उपाध्यक्ष मनोज चौधरी ने सपरिवार ज्योति कलश रथ, वेद माता गायत्री एवं अखंड दीप का पूजन एवं आरती कर स्वागत किया।उक्त अवसर पर श्री चौधरी ने कहा कि ₹आध्यात्मिकता वह विचार पद्धति है, जिसके माध्यम से मनुष्य अपने जीवन में आने वाली समस्याओं को सरलता से सुलझा सकता है और सही मार्ग पर चल सकता है। उन्होंने आध्यात्मिक विज्ञान को सीखने और मनचाही समृद्धि पाने की आवश्यकता पर जोर दिया। आज के परिवेश में लोगों में योग्यता और विवेक की कमी हो गई है, जिससे वे अपनी क्षमता का सही उपयोग नहीं कर पा रहे हैं। बता दें ज्योति कलश रथ यात्रा, शांतिकुंज हरिद्वार से निकली जाने वाली एक यात्रा है. इस यात्रा के जरिए लोगों को सनातन संस्कृति के प्रति जागरूक किया जाता है. साथ ही, इस यात्रा के जरिए युद्ध की जगह शांति का संदेश दिया जाता है. इस रथ यात्रा का मकसद लोगों में देवत्व का उदय करना और धरती पर स्वर्ग का अवतरण करना है. इस यात्रा के जरिए लोगों को शारीरिक श्रम और योग करने के लिए प्रोत्साहित किया जाता है. इस यात्रा के जरिए लोगों को नशीले पदार्थों का सेवन न करने का संदेश दिया जाता है. इस यात्रा के जरिए लोगों में आत्मिक परिष्कार कराया जाता है. इस यात्रा के जरिए लोगों में ईश्वर के प्रति आस्था जगाई जाती है. स्वागत कार्यक्रम में मुख्य रूप से गायत्री परिवार के मुख्य ट्रस्टी शंभू नाथ अग्रवाल राजेश साहू त्रिलोचन महतो सतनारायण साहू बनवारी लाल चौधरी कमला देवी एवं महिला बहिने भी उपस्थित थी।

## छत्तीसगढ़ मसीही मेला मदकुदीप 2025 सम्पन्न



**प्रतिनिधि न्यूज 12 भारत।**

प्रयागराज से पधारे मेला के प्रधानवक्ता के रूप में डॉ. जस्टीन मसीह के सार्वगर्भित आत्मिक सन्देशों एवं मधुर गायकी से, हजारों की संख्या में उपस्थित श्रद्धालुगण लाभान्वित हुए।

पूरे मेला अवधि में छत्तीसगढ़ डायोसिस सी.एन. आई.रायपुर की प्रथम महिला बिशप सुषमा कुमार जी एवं एक दिन मेनोनाइट चर्च इन इण्डिया धमतरी के मॉडरेटर,बिशप एन. आशावान की गरिमामयी उपस्थिति मेले में बनी रही।

प्रतिदिन प्रातः 5 बजे प्रभातफेरी से कार्यक्रम प्रारम्भ होकर रात्रि 10 बजे प्रधानवक्ता के आत्मिक सन्देश पश्चात समाप्त होता था। प्रतिदिन विभिन्न चर्चेस की क्वायर ईश्वर की महिमा में मधुर मसीही गीतों को प्रस्तुत करते थे। मेला में विभिन्न प्रतियोगिताओं का भी आयोजन किया गया। रविवार को आराधना पश्चात प्रभु भोज की संगति के साथ मेला शांति पूर्वक समाप्त हुआ।

मेला के संचालन में *अध्यक्ष रेव्ह.अर्पण तरुण,उपाध्यक्ष श्री एलेक्जेंडर पॉल, सचिव श्री ए. ए. लूका, कोषाध्यक्ष रेव्ह.राकेश प्रकाश,मेला प्रबंधक श्री वीरेन्द्र सारथी,सहा. प्रबन्धक श्री बरनार्ड अरविंद प्रताप,श्री अभिषेक शावल,रेव्ह.समीर फ्रेंकलिन,कार्यकारिणी सदस्यगण रेव्ह.अनुराग नथानिएल, श्री आर.के.सामुएल, श्री प्रणोब बंशीयर, श्री आशीष यूसुफ,श्री नलिन सामुएल,सुश्री अल्का लाल, रेव्ह.निखिल पॉल,रेव्ह.रॉड्रिक जॉन,रिट्रीट अध्यक्ष पास्टर सी.के.हार्वे,सचिव रेव्ह.शरद लाल,कोषाध्यक्ष श्रीमती यमिमा प्रकाश,सदस्यगण श्रीमती स्मिता बक्श,पास्टर आदित्य रॉय,श्री मनोज मसीह* का कुशल नेतृत्व एवं सहयोग रहा।प्रशासन का भी सहयोग हमें प्राप्त हुआ।

वाद-विवाद प्रतियोगिता का संचालन स्मिता बक्श ने किया।प्रथम स्थान प्रीति मसीह डिसाईपल्स चर्च बिलासपुर(रेव्ह.बर्डे),द्वितीय स्थान प्रमिला राम सी.सी.चर्च भिलाई, तृतीय स्थान पास्टर आशीष जलाल विश्वासी मण्डली बिलासपुर, सांत्वना-पास्टर बी.आर.भोसले ने अर्जित किये। काव्य पठन प्रतियोगिता का संचालन श्री ए.ए. लूका ने किया।प्रथम स्थान डॉ. अल्पना राम मेनोनाईट चर्च भिलाई, द्वितीय स्थान श्रीमती सुलेखा लूका डिसाईपल्स चर्च सी.एन. आई.बिलासपुर, तृतीय स्थान श्रीमती आरती करोसिया विश्वासी मण्डली बिलासपुर, सांत्वना-रेव्ह.डी. बी.नन्द सी.सी.चर्च भिलाई ने प्राप्त किये। गीत-संगीत प्रतियोगिता का संचालन श्री दीपक हेम्रोन ने किया। एकल गान मे प्रथम स्थान श्री एलिन मलाकी सी.सी.चर्च भिलाई, द्वितीय स्थान कु.शिफा मसीह डिसाईपल्स चर्च सी.एन. आई.बिलासपुर, तृतीय स्थान श्री प्रांजल प्रेयर मिनिस्ट्री कोरबा,सांत्वना-श्री डेसमन डगलस डिसाईपल्स चर्च ज्योतिपुर पेंड्रारोड प्राप्त किये।

## दिल्ली तो झांकी है, बिहार अभी बाकी है : प्रभाकर मिश्र

### बिहार में भी जारी रहेगा जीत का सिलसिला



गया ।भाजपा के प्रदेश प्रवक्ता प्रभाकर कुमार मिश्र ने नेता प्रतिपक्ष तेजस्वी यादव पर पलटवार करते हुए कहा कि भाजपा के जीत का सिलसिला थमनेवाला नहीं है। दिल्ली तो झांकी है, बिहार अभी बाकी है। बिहार विधानसभा चुनाव में भी एनडीए की प्रचंड जीत होगी। मिश्र ने आज यहां प्रेस विज्ञप्ति जारी कर कहा कि अब भ्रष्टाचारियों को सबक सिखाने का समय आ गया है। बिहार सहित पूरे देश की जनता अब भ्रष्टाचारियों को सत्ता सौंपने को तैयार नहीं है। सियासत अब बदल चुकी है, जो विकास नहीं करेगा, उसके राजनीतिक कैरियर का नाश हो जाएगा। मिश्र ने कहा कि तेजस्वी यादव कहते हैं कि यह बिहार है, यहां दिल्ली की तरह नहीं चलेगा। तेजस्वी यादव के इस बयान का क्या निहितार्थ है, क्या बिहार के लोग भ्रष्टाचारियों को माफ कर देंगे? क्या बिहार के लोग विकास नहीं चाहते?

बिहार के लोग राजनीति चेतना से समृद्ध हैं। यहां के लोगों ने 2005 के पहले की बदहाली भी देखी है और एनडीए के शासनकाल में बिहार की खुशहाली भी देख रहे हैं। इसलिए तेजस्वी यादव किसी मुगालते में न रहें, यहां भी भ्रष्टाचारियों की करारी होगी। मिश्र ने कहा कि बिहार में डबल इंजन की सरकार है और रहेगी। एनडीए की सरकार में डबल रफ्तार से विकास जारी रहेगा। एक बार फिर एनडीए को ही आशीर्वाद देगी जनता।

## गरीबों व असहाय लोगों के लिए मोतियाबिंद आपरेशन शिविर का आयोजन

**प्रतिनिधि न्यूज 12 भारत।**

**गया :** शहर के गेवालबिघा स्थित आरिफ नगर के डायमंड भवन में सोमवार को जाहिद हेल्थ केयर फाउंडेशन की ओर से गरीबों और असहाय लोगों के लिए निश्शुल्क मोतियाबिंद आपरेशन शिविर का आयोजन किया गया। इस संबंध में जाहिद हेल्थ केयर फाउंडेशन के अध्यक्ष इरशाद अहमद ने बताया कि जाहिद हेल्थ केयर फाउंडेशन 2022 में स्थापित एक गैर-लाभकारी संगठन है।जाहिद हेल्थ फाउंडेशन की नींव स्वास्थ्य सेवा प्रदाता और जरूरतमंदों के बीच अंतर को कम करने के उद्देश्य से रखी गयी थी। उन्होंने बताया कि लगातार तीन साल से जाहिद हेल्थ केयर फाउंडेशन निशुल्क मोतियाबिंद का आपरेशन करा रहा है। जिसमे सोनी आप्टिकल का अहम योगदान रहा।

## पारंपरिक नृत्य संगीत के बीच रंगाडीह ग्राम में काराम पूजा संपन्न



**प्रतिनिधि न्यूज 12 भारत।**

मैथन स्थित रांगाडीह युवा समिति द्वारा आयोजित दो दिवसीय काराम पुजा का आयोजन रांगाडीह गांव में किया गया दो दिवसीय इस काराम पुजा संथाल समुदाय में बहुत ही पवित्र और कठीन पुजा है,गांव के पंच प्रमुख निर्जला उपवास करते हैं,और गांव की सुख-समृद्धि के लिए अपने इष्ट देवता से इसकी कामना करते हैं। विधायक अरूप चटर्जी को मुख्य अतिथि की तौर से बुलाया गया आज काराम डाली की एक टहनी विधिवत काटकर उसे गांव के मंझीथान के पास स्थापित किया गया,और रात भर उसकी विधिवत पुजा किया गया है । काराम डाली की विश्वरंजन होती है, एवं इस दिन सांस्कृतिक कार्यक्रम आयोजित किया जाता है। इस कार्यक्रम को सफल बनाने में रांगाडीह युवा समिति के लड़के एवं लड़कियों का काफी योगदान रहा जो सराहनीय रहा ।

## निरसा सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में एमडीए कैम्प का उद्घाटन कर लोंगों को जागरूक किया गया एवं दवा दी गई

**प्रतिनिधि न्यूज 12 भारत।**



निरसा फाइलेरिया रोग की रोकथाम एवं लोंगों में जागरूकता लेन हेतु सोमवार को निरसा सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में एमडीए का कैम्प लगाया गया और दवा दी गई । कैम्प का उद्घाटन निरसा प्रखण्ड प्रमुख आशा देवी एवं सीएचसी के चिकित्सा प्रभारी डॉ संजय कुमार ने फीता काटकर किया ।

सीएचसी के चिकित्सा प्रभारी डॉ संजय कुमार ने उक्त जानकारी देते हुये कहा कि यह अभियान स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्रालय भारत सरकार द्वारा हर वर्ष के 10 फरवरी से 25 फरवरी तक चलाया जाता है । उन्होंने कहा कि यह राष्ट्रव्यापी अभियान है ,इसका मकसद फाइलेरिया रोग को खत्म करना है ,इसके लिये लोंगों को मुफ्त दवा दी जाती है । उन्होंने कहा कि साल में एक बार दवा लेने पर पांच साल तक दवा काम करती है । फाइलेरिया को आमतौर पर हांथी पांव भी कहा जाता है । उन्होंने कहा कि यह बीमारी मच्छर काटने के कारण होता है , यह बीमारी शरीर के अन्य अंगों को भी प्रभावित करता है,मसलन हांथ, पैर,स्तन,और हाइड्रोसिल । इसका संक्रमण अधिकतर बचपन मे ही हो जाता है । उन्होंने इस रोग से बचाव की भी जानकारियां दी । कहा कि जंहा आप रहते हैं उस स्थान को स्वक्ष रखे ,नालियों की सफाई पर ध्यान दें , मच्छरदानी लगाएं और दवा का सेवन हर कोई करे, स्वस्थ्य ब्यक्ति भी दवा ले सकते हैं । बीमार ब्यक्ति व गर्भवती महिलाएं दवा नही ले ।

उक्त अवसर पर प्रमुख आशा देवी,डॉ संजय कुमार,धनेश्वर राम,आशुतोष मुखर्जी,सुरेश प्रसाद,अनिंदि यादव सहित अन्य लोग उपस्थित थे ।

## जीतपुर एवं चासनाला के अधिकारी के खिलाफ हुआ जोरदार प्रदर्शन

**प्रतिनिधि न्यूज 12 भारत।**



जोरापोखर। सेल के जीतपुर कोलियरी के असंगठित मजदूर मोर्चा के सभी मजदूर जीतपुर कोलियरी के मुख्य कार्यालय के समीप मानव संसाधन विभाग जीतपुर एवं चासनाला के अधिकारीओं के खिलाफ नारेबाजी की जोरदार प्रदर्शन किया। बताते चलें की सेल के मानव संसाधन विभाग जीतपुर एवं चासनाला के अधिकारीओं की लापरवाही एवं कार्य में उदासीनता के कारण लम्बे समय तक ठेका मजदूरों का सारा दस्तावेज रोक कर रखे जाने के कारण आज तक ऑनलाइन नहीं हो पाया है। जिसके कारण ठेका मजदूर अपनी भविष्य निधि का पैसा आवश्कता अनुसार निकाल नहीं पा रहे है। जबकि कोयला खान भविष्य निधि संगठन धनबाद के आयुक्त का निदेर्शानुसार जनवरी 2024 में ही उपलब्ध करा देना चाहिए था। लेकिन अभी तक ओन लाइन नहीं हुआ है। जीतपुर कोलियरी के असंगठित मजदूर के शाखा सचिव सुरेश सिंह ने कहा की ठेका मजदूर का जो पैसा है वह उनकी मेहनत की कमाई का पैसा है वो पैसा अपनी भविष्य के लिए रखते है ताकि अपने बच्चे को अच्छी शिक्षा दे सके शादी के समय पैसा काम आ सके। कई ठेका मजदूरों को अपने बच्चों की शादी एवं अन्य कार्य के लिए दर दर भटकना पड़ रहा है। सेल के मानव संसाधन विभाग जीतपुर एवं चासनाला के अधिकारी जानबूझ कर मजदूरों का दस्तावेज रोक कर रखा है ताकि ओन लाइन ना हो सके। ये उनकी मंशा को दर्शाता है और ऐसे अधिकारी पर करवाई होनी चाहिए` लोगो का कहना है की कई मृत सेवानिवृत कार्मियों का भविष्य निधि पैशन अभी तक चालू नहीं हुआ है उनकी पत्नी दर दर भटक रही है। मौके पर राजकुमार तिवारी,प्रदीप महतो,दसरथ प्रशाद,अमजद अंसारी,उपेंद्र प्रसाद भगलू रावत आदि मौजूद थे।

## परीक्षा पर चर्चा कार्यक्रम का सीधा प्रसारण



**प्रतिनिधि न्यूज 12 भारत।**

सरस्वती विद्या मंदिर सिंदरी में पीएम मोदी के द्वारा बच्चों को दिए गए टिप्स परीक्षा पर चर्चा कार्यक्रम का सीधा प्रसारण बच्चों को प्रोजेक्टर के माध्यम से दिखाया गया। प्राचार्य सुनील कुमार पाठक ने कहा कि कार्यक्रम में प्रधानमंत्री जी ने बच्चों को पढ़ाई के आसान टिप्स तथा एग्जाम स्ट्रेस दूर करने के तरीकों को बताया। जिससे भैया बहनों में संघर्ष क्षमता और परीक्षा के दौरान संतुलन बनाए रखने की क्षमता का विकास होगा। परीक्षा के लिए भैया बहनों को उन्होंने अग्रिम शुभकामनाएं प्रदान की। इस अवसर पर पूरा विद्यालय परिवार उपस्थित रहा।

## संक्षिप्त खबरें

### श्री रामनवमी पूजा समिति की बैठक में शोभा यात्रा एवं अखाड़ा निकालने पर हुई चर्चा



**प्रतिनिधि न्यूज 12 भारत।**

गया। श्री राम नवमी पूजा सेंट्रल कमिटी की पहली बैठक बाईपास स्थित पंच देव धाम में आयोजित की गई। बैठक में रामनवमी पूजा समिति के पदाधिकारी, झंडा प्रभारी एवं झंडा कमिटी के सदस्य शामिल हुए। बैठक की अध्यक्षता कार्यध्यक्ष क्षितिज मोहन सिंह ने की।

बैठक में उपस्थित सदस्यों ने गत वर्षो के शोभा यात्रा की समीक्षा के उपरांत इस वर्ष भी धूमधाम से मयार्दा पुरुषोत्तम भगवान रामचंद्र जी महाराज की आकर्षक शोभायात्रा निकालने पर अपना- अपना मंतव्य और विचार प्रकट किया।

झंडा प्रभारी एवं सदस्यों ने शोभायात्रा के रूट मार्ग पर होने वाली समस्याओं को सेंट्रल कमिटी के समक्ष रखा। कमेटी के महामंत्री मणिलाल बारिक ने कहा कि पिछले वर्ष की तुलना में इस वर्ष अधिक से अधिक संख्या में झंडा निकाला जाए। 6 अप्रैल को रामनवमी का पर्व मनाया जाएगा। राम जन्मोत्सव पर पूरे शहर को राममय करने का संकल्प लें।इसकी तैयारियों में सभी लोग जुट जाए।इसके लिए झंडा प्रभारियों को शहर के अलग-अलग हिस्सों में बैठक आयोजित कर शोभायात्रा, झांकी, अखाड़ा और झंडा निकालने के लिए प्रेरित करने की बात कही। बैठक में कार्यध्यक्ष क्षितिज मोहन सिंह ने कहा कि शोभायात्रा को यादगार बनाने के लिए भगवान विष्णु की नगरी गया धाम को भगवामय किया जाएगा। शोभायात्रा में होने वाली परेशानियों को सुलह कर लिया जाएगा। मोके पर रामकुमार बारीक, मुन्ना बजरंगी, कमल लाल बारीक, बिगन विश्वकर्मा, चंदन भदानी, मनीष सिंह, शशिकांत मिश्रा, रोहित भदानी महेंद्र प्रसाद, काशीनाथ प्रसाद सहित कई लोग उपस्थित थे।

### डंडई प्रखंड में विकास माली का भिक्षाटन अभियान, 351 कन्याओं के विवाह के लिए जुटा रहे सहयोग



**प्रतिनिधि न्यूज 12 भारत।**

गया ।जिले के डंडई प्रखंड में कन्या विवाह एंड विकास सोसाइटी के सचिव विकास माली और उनकी टीम ने भिक्षाटन अभियान चलाया गया है। इस अभियान के तहत प्रखंड के विभिन्न पंचायतों में घूम-घूमकर 351 कन्याओं के सामूहिक विवाह के लिए सहयोग जुटाया जा रहा है। साथ ही, लोगों को विवाह समारोह में शामिल होने के लिए आमंत्रण दिया गया है।

विकास माली ने कहा कि यह अभियान समाज में सामूहिक विवाह की परंपरा को मजबूत करने और गरीब परिवारों की बेटियों के विवाह में सहयोग देने के लिए चलाया जा रहा है। उन्होंने कहा कि कई गरीब परिवार आर्थिक तंगी के कारण अपनी बेटियों की शादी नहीं कर पा रहे हैं, इसलिए इस आयोजन के जरिए उन्हें सहायता प्रदान की जा रही है।उन्होंने लोगों से यथासंभव सहयोग करने की अपील की, ताकि यह पुनीत कार्य सफल हो सके। साथ ही, उन्होंने समाज के संपन्न वर्ग से आगे आकर सामूहिक विवाह को प्रोत्साहित करने की अपील की है। विकास माली ने बताया कि भिक्षाटन से जुटाए गए धन का उपयोग शादी समारोह में आवश्यक व्यवस्थाओं के लिए किया जाएगा, जिससे 351 बेटियों को सम्मानपूर्वक विदा किया जा सके। इस अभियान में सोसाइटी के कई सदस्य भी शामिल रहे, जो गांव-गांव जाकर लोगों को इस नेक पहल में योगदान देने के लिए प्रेरित कर रहे हैं।

### 11 फरवरी को इफको फर्टिलाईजर कम्पनी का यूरिया उर्वरक की रेक लगेगी



**प्रतिनिधि न्यूज 12 भारत।**

गया,दिनांक 11 फरवरी को इफको फर्टिलाईजर कम्पनी का यूरिया उर्वरक की रेक लगेगी।इस रेक गया जिला को लगभग 1919.34 मे०टन यूरिया की आपूर्ति होगी।*

रबी मौसम में गया जिला में लगाये जाने मुख्य फसल गेहूँ सहित अन्य दलहनी एवं तेलहनी फसलों का आच्छादन शत-प्रतिषत होने के किसानों के बीच यूरिया उर्वरक की माँग तेजी से बढ़ गई है। गया जिला में इफको फर्टिलाईजर कम्पनी द्वारा यूरिया की आपूर्ति की जा रही है। दिनांक 11.02.2025 को इफको फर्टिलाईजर कम्पनी का 1919.34 मे० टन यूरिया जिले के सभी प्रखंडों में आपूर्ति किया जा रहा है। जिले सभी प्रखंडों निम्न यूरिया की आपूर्ति की जायेगी।:-

नगर 101.34, मानपुर 99.0, वजीरगंज 153.0, खिजरसराय 99.0, फतेहपुर 99.0, टनकुप्पा 63.0, अतरी 54.0, मोहड़ा 63.0, नीमचक बथानी 45.0, बेलागंज 94.50, टिकारी 135.0, कोंच 135.0, गुरारू 99.00, परैया 72.0, गुरूआ 63.0, बोधगया 90.0, मोहनपुर 72.0, बाराचट्टी 63.0, डोभी 63.0, शेरघाटी 45.0, आमस 40.5, बांकेबाजार 49.5, इमामगंज 72.0, डुमरिया 49.50 मे० टन।

# दृष्टिकोण से प्रभाव तक: आईआईएम बोधगया का लीडरशिप समिट 'नेत्रित्व 2025' सफलता के साथ संपन्न

**प्रतिनिधि न्यूज 12 भारत।**

गया।आईआईएम बोधगया ने किया अपने वार्षिक लीडरशिप सम्मेलन -₹नेत्रित्व₹ का समापन । यह सम्मेलन बिहार में एक अनोखा नेतृत्व सम्बंधित कार्यक्रम रहा, जो समकालीन लीडरशिप और इसकी विकसित गतिशीलता पर चर्चा के लिए विभिन्न पदाधिकारियों, उद्योग विशेषज्ञों और कंटेंट क्रिएटर्स को एक साथ लाया है। इसने लीडर्स द्वारा अगली पीढ़ी को प्रेरित करने के साथ ही उनके मार्गदर्शन के लिए एक महत्वपूर्ण मंच प्रदान किया है।

इस आयोजन में दो मुख्य भाषण और दो-पैनल चर्चाएं रही, जो नेतृत्व, नवाचार और डिजिटल रचनाकारों की अर्थव्यवस्था पर केंद्रित दिखाई दी है।आईआईएम बोधगया की निदेशक डॉ विनीता सहाय ने सम्मेलन का उद्घाटन करते हुए नेतृत्व में दृष्टिकोण के महत्व पर जोर दिया है। उन्होंने कहा कि एक प्रबंधक और एक लीडर के बीच महत्वपूर्ण अंतर भविष्य की कल्पना करने की उनकी क्षमता में निहित है। छात्रों को अपने उद्देश्य को प्रतिबिंबित करने के लिए प्रोत्साहित करते हुए, उन्होंने व्यक्तिगत मूल्यों, विरासत और लीडरशिप के व्यापक प्रभाव पर विचार-उत्तेजक प्रश्न प्रस्तुत किए हैं। इसके बाद, मीडिया और पीआर कमिटी चेयरपर्सन डॉ संजय कौशल ने अपने स्वागत भाषण से उपस्थित सभी का आभार व्यक्त किया है।इस सम्मेलन में राष्ट्रीय मानवाधिकार आयोग के महासचिव, भरत लाल और पुलिस महानिरीक्षक, बिहार, अमित लोढ़ा द्वारा दो मुख्य भाषण शामिल रहे हैं। भरत लाल ने नेतृत्व, सार्वजनिक सेवा और सामाजिक मूल्यों पर बात की एवं युवा नेताओं से अपने उद्देश्य को जल्दी परिभाषित करने का आग्रह किया है। उन्होंने इस बात पर जोर दिया कि नेतृत्व अधिकारों और कर्तव्यों से परे है - यह धर्म को अपनाने एवं समाज के प्रति एक जिम्मेदारी के बारे में है, जो नेल्सन मंडेला और महात्मा गांधी जैसे नेताओं के आदर्शों को प्रतिध्वनित करता है। अमित लोधा जो नेटफ्लिक्स वेब सीरीज ₹खाकी - बिहार अध्याय₹ के लिए एक वास्तविक जीवन की प्रेरणा है, उन्होंने इस बात पर जोर दिया कि शक्ति जिम्मेदारी के साथ आती है और इसका उपयोग समाज की सेवा के लिए किया जाना चाहिए। उन्होंने जिम्मेदार नागरिकता को राष्ट्र में योगदान करने के लिए सबसे प्रभावी तरीका बताते हुए उसे आगे बढ़ाने के महत्व पर जोर दिया, क्योंकि यह प्रेरणा को बनाए रखता है।पहली पैनल चर्चा का विषय ₹इवोल्यूशन ऑफ लीडरशिप₹ अर्थात नेतृत्व का विकास रहा, जिसमे चाणक्या तथा रणनीति पर 22 से अधिक पुस्तकों के बेस्टसेलिंग लेखक- डॉ राधाकृष्णन पिल्लई, नेतृत्व विशेषज्ञ एवं भारत की पहली महिला एमबीए सरपंच- छवी राजावत, प्रबंध निदेशक, डीशा ग्रुप- स्वैप्निल गावंडे और प्रशिक्षक एवं कंटेंट क्रिएटर- विपिन यादव ने भाग लिया है। चर्चा ने पारंपरिक और समकालीन नेतृत्व मॉडल की खोज की, जिसका संचालन आईआईएम बोधगया के प्रथम वर्ष के एमबीए छात्र प्रत्युश सिंह द्वारा किया गया है।



डॉ राधाकृष्णन पिल्लई ने चर्चा में बताया कि नेतृत्व एक प्राकृतिक विज्ञान है, जो जीवन के सभी पहलुओं में मौजूद है। उन्होंने सामाजिक परिवर्तनों के अनुरूप समय के साथ नेतृत्व विकसित करने की आवश्यकता पर बल दिया है। इस विचार को आगे बढ़ाते हुए, सुश्री छवि राजावत ने बताया कि एक नेता को जल समान होना चाहिए - अनुकूलनीय, लगातार सीखने और बढ़ने वाला है। स्वप्निल ने एक मजबूत मूल्य प्रणाली के महत्व पर प्रकाश डाला और इस बात पर जोर दिया कि समाज की सेवा शुरू करने के लिए किसी भी व्यक्ति की उम्र का कोई महत्त्व नहीं होता है एवं युवाओं को उसका चिंतन करे बिना समाज हित के लिए कार्यरत होना चाहिए। विपिन ने व्यक्तिगत नैतिकता और कॉर्पोरेट उद्देश्यों के बीच संघर्ष का सामना करने हेतु आत्म-चिंतन के महत्व को रेखांकित करते हुए वर्तमान सहयोगी नेतृत्व की बढ़ती आवश्यकता पर ध्यान केंद्रित किया है।दूसरी पैनल चर्चा, ₹ऐथोस ऑफ थे क्रिएटर्स इकॉनमी₹ अर्थात रचनाकारों की अर्थव्यवस्था का लोकाचार विषय पर आधारित दिखी जो कंटेंट निर्माण, व्यक्तिगत ब्रांडिंग और डिजिटल परितंत्र की नम्यता पर केंद्रित रही है। पैनलिस्टों में - वित्त कंटेंट क्रिएटर, सीएफए चार्टर धारक तथा निवेश रणनीतिकार- आदित्य अय्यंगर ; मार्केटिंग एक्सपर्ट एवं लिंक्डइन टॉप वॉयस- देवन भल्ला; उद्यमी एवं कंटेंट क्रिएटर- सुश्री बिभुति भूषण; और एआई शिक्षक और कंटेंट क्रिएटर - श्री मंज्योति परासर शामिल रहे हैं। आईआईएम बोधगया के दूसरे वर्ष की एमबीए छात्रा सांघवी पटेल ने सत्र को संचालित किया है। आदित्य अय्यंगर ने डिजिटल पहुंच को प्रासंगिक बनाने के महत्व के साथ चर्चा की शुरूआत की, जिसमे उन्होंने रचनाकारों को अपने दर्शकों को संख्याओं के बजाय व्यक्तियों के रूप में देखने के लिए प्रोत्साहित किया है। बिभुती भूषण और देवन भल्ला ने खराब प्रदर्शन करने वाले कंटेंट को संभालने, अनुकूलनशीलता और दर्शकों पर ध्यान केंद्रित करने पर जोर देते हुए अंतर्दृष्टि साझा की गई है। बिभुती ने संख्या से अधिक प्रभाव को प्राथमिकता देने की बात कही, जबकि देवन ने डेटा-चालित अनुकूलन और दृश्यों के प्रभाव से एक विनम्र कहानी रचने के बाद कंटेंट को पुनः पेश करने और उसे देखते हुए दर्शकों की संरचित यात्रा के निर्माण की वकालत की है।

चर्चा में व्यक्तिगत ब्रांडिंग के बारे में मिथकों को संबोधित किया गया है, जिसमें कहा गया कि कंटेंट को दृश्यता के बजाय अनुयोजन को प्रेरित करना चाहिए। पैनलिस्टों ने इच्छुक रचनाकारों को अपने क्षेत्र में अपनी प्रतिभाओं की पहचान करने, अंतर्दृष्टि का लाभ उठाने और निरंतरता बनाए रखने की सलाह दी है। सत्र इस निष्कर्ष के साथ समाप्त हुआ कि किसी भी रचनात्मक प्रयास में सफलता स्थिरता, अनुकूलनशीलता और दर्शकों के साथ वास्तविक संबंध का संयोजन आवश्यक है।

पैनल के अंत ने लीडरशिप समिट के निष्कर्ष को चिह्नित किया है। मीडिया और पीआर कमिटी के को-चेयरपर्सन डॉ विशाल अशोक वानखेड़े ने धन्यवाद प्रस्ताव दिया है। नेत्रित्व एक मंच के रूप में कार्य करता है जहां युवा हृदयों की आकांक्षाएं प्रमुख नेताओं के ज्ञान और अनुभव से मिलती हैं। यह सम्मेलन अकादमिक शिक्षा और वास्तविक जीवन में लीडरशिप के बीच अंतर को पाटने के लिए आईआईएम बोधगया की प्रतिबद्धता को दशार्ता है।

# प्रगति यात्रा के दौरान मुख्यमंत्री ने नवादा जिले को दी 211 करोड़ रुपए से अधिक की सौगात, 202 योजनाओं का किया उद्घाटन व शिलान्यास

गया :बिहार के मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने सोमवार को प्रगति यात्रा के क्रम में नवादा जिले के रजौली प्रखंड के बहादुरपुर ग्राम पंचायत के करिगांव ग्राम में बने कृषि फार्म में आयोजित कार्यक्रम स्थल से 211.96 करोड़ की कुल 202 विकासात्मक योजनाओं का रिमोट के माध्यम से उद्घाटन एवं शिलान्यास किया है। इसमें 138.06 करोड़ रुपये की 142 योजनाओं का उद्घाटन और 73.89 करोड़ रुपये की 60 योजनाओं का शिलान्यास शामिल है। मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने नवादा जिला में विभिन्न जगहों पर विकासात्मक योजनाओं का जायजा लिया है। इस दौरान मुख्यमंत्री ने सर्वप्रथम गोविंदपुर प्रखंड के गोविंदपुर-रोह पथ में सकरी नदी पर उच्चस्तरीय आर०सी०सी० पुल के प्रस्तावित स्थल का निरीक्षण किया है। इसके पश्चात मुख्यमंत्री ने रजौली प्रखंड के बाहदुरपुर पंचायत के करिगांव ग्राम के कृषि फॉर्म में बने कार्यक्रम स्थल पर डिग्री कॉलेज, करिगांव के प्रस्तावित स्थल का निरीक्षण किया है। इस दौरान अधिकारियों ने मुख्यमंत्री को डिग्री कॉलेज के निर्माण से संबंधित रेखा चित्र के माध्यम से जानकारी दी है। इसके पश्चात मुख्यमंत्री ने विभिन्न विभागीय स्टॉलों का निरीक्षण किया है। मुख्यमंत्री ने उद्योग विभाग, स्वास्थ्य विभाग, ग्रामीण विकास विभाग, कृषि विभाग, पशु एवं मत्स्य संसाधन विभाग, समाज कल्याण विभाग और शिक्षा विभाग आदि के स्टॉलों का निरीक्षण किया है। इस दौरान उन्होंने मुख्यमंत्री उद्यमी योजना, स्टार्टअप योजना, मुख्यमंत्री निःशक्त विवाह प्रोत्साहन योजना, अनुसूचित जाति अनुसूचित जनजाति (अत्याचार) निवारण अधिनियम, आयुष्मान कार्ड और बासगीत पर्चा के लाभार्थियों को लाभ प्रदान किया है। मुख्यमंत्री ने दिव्यांगजनों को ट्राई-साइकिल की चाबी भी वितरित की है। उन्होंने मुख्यमंत्री उद्यमी योजना के तहत लाभार्थियों को 02 करोड़ 56 लाख रुपये के 128 लाभार्थी को सांकेतिक चेक प्रदान किया है। मुख्यमंत्री ने स्वयं सहायता समूह की जीविका दीदियों द्वारा जीविकोपार्जन हेतु की जा रही विभिन्न गतिविधियों एवं उत्पादों की जानकारी ली है। मुख्यमंत्री ने 13 हजार 112 स्वयं सहायता समूह को 170 करोड़ रुपये, 6340 स्वयं सहायता समूह को 15 करोड़ 25 लाख रुपये का सांकेतिक चेक प्रदान किया। मुख्यमंत्री ने संरक्षित कृषि योजना के लाभुक को 18 लाख 75 हजार रुपये का सांकेतिक चेक प्रदान किया है। इसके साथ ही जीविका दीदियों के स्टॉल पर लगाए गए विभिन्न उत्पादों को देखा और जीविका दीदियों से बातचीत की है। मुख्यमंत्री ने कहा कि वर्ष 2005 में जब हमलोगों को बिहार में काम करने का मौका मिला तो हमने देखा कि यहां स्वयं सहायता समूह की संख्या नाम मात्र की है। हमलोगों ने विश्व बैंक से कर्ज लेकर स्वयं सहायता समूह की संख्या बढ़ानी शुरू की है। हमने ही स्वयं सहायता समूह का नाम जीविका दिया जिससे प्रेरित होकर तत्कालीन केंद्र सरकार ने इसका नाम ‍‍आजीविका‍‍ किया। हमने जीविका से जुड़ी महिलाओं को ‍‍जीविका दीदी‍‍ नाम दिया है। शहरी क्षेत्रों में भी स्वयं सहायता समूह का विस्तार किया जा रहा है। स्वयं सहायता समूह से जुड़कर महिलाएं आत्मनिर्भर और स्वावलंबी बन रही हैं। इससे बिहार की महिलाओं की आर्थिक स्थिति में काफी सुधार आया है। उनका पहनावा और बोलचाल भी काफी अच्छा हो गया है। वे लोगों से बेहिचक होकर बातें करने लगी हैं। मैं आप सभी जीविका दीदियों को बेहतर कार्य करने के लिए बधाई देता हूं आपलोग बहुत आगे बढ़ें, खूब तरक्की करें। जीविका दीदियों ने मुख्यमंत्री का धन्यवाद करते हुए कहा कि आपकी बदौलत हमलोगों का जीवन सुघरा है, हमलोगों को नई पचहान मिली है। हमलोगों की पारिवारिक और सामाजिक स्थिति में काफी सुधार हुआ है। यह सब आपकी देन है।मुख्यमंत्री ने नूतन नवादा(बुधौल) के मिनिएचर मॉडल का अवलोकन किया और रिमोट के माध्यम से इसे लांच किया। मुख्यमंत्री ने नूतन नवादा एवं नवादा जिले में अन्य विकासात्मक कार्यों से संबंधित लघु फिल्म का भी अवलोकन किया है। इसके पश्चात मुख्यमंत्री ने 8 लाख 77 हजार 296 रुपये लागत की ग्राम पंचायत माखर के रुनीपुर में खेल मैदान का शिलापट्ट अनावरण कर एवं फीता काटकर उद्घाटन किया है। मुख्यमंत्री ने खेल परिसर के सौंदर्गीकरण कार्य का अवलोकन किया है। इस दौरान मुख्यमंत्री ने गुब्बारा उड़ाया और खिलाड़ियों को फूटबॉल, बॉस्केट बॉल प्रदान कर खेल की शुरूआत करायी।

### रोटरी गया सिटी द्वारा किये गये सामजिक कार्यो का उल्लेख किया गया




**रोटरीयण बिपिन चाचा का अभिनन्दन रोटरी गया सिटी द्वारा किया गया**

**गया** ।आर्यावर्त होटल में रोटरी डिस्ट्रिक्ट 3250 के मंडलाधयक्ष रोटरीयण बिपिन चाचान का अभिनन्दन रोटरी गया सिटी द्वारा किया गया है। ज्ञातव्य हो की मंडलाधयक्ष रोटरी गया सिटी के अधिकारिक दौरे पर आये हुए थे। इस कार्यकर्म के शुरूआत में रोटरीयण डॉक्टर ए एन राय ने मंडलाधयक्ष को बुके देकर स्वागत किया है। रोटरी गया सिटी के अध्यक्ष रोटरीयण राय आनन्द वर्धन ने अपने स्वागत भाषण में मंडलाधयक्ष और सभी आगंतुकों का स्वागत एवं अभिनंदन किया है। सचिव डॉ अमिता सिन्हा ने रोटरी गया सिटी द्वारा किये गये सामजिक कार्यो का उल्लेख किया है। मंडलाधयक्ष रोटरीयण बिपिन चाचान ने रोटरी गया सिटी के कार्यो की भूरी- भूरी प्रशंसा की है। उन्होने कहा की रोटरी गया सिटी डिस्ट्रिक्ट 3250 का एक महत्त्वपूर्ण क्लब है जो सामजिक कार्यो में लगातार योगदान देते रहता है। मंडलाधयक्ष का परिचय रोटरीयण काण्तेष कुमार सिन्हा ने दिया है। धन्यवाद ज्ञापन रोटरीयण विजय कुमार भलोतीया ने किया है। इस मंच का संचालन रोटरीयण विकास अग्रवाल ने किया है। इस अवसर पर रोटरी गया सिटी के डॉक्टर रतन कुमार, डॉक्टर कृष्णा कुमार, डॉक्टर मंजू सिन्हा, डॉक्टर कंचन वर्मा, शिरिश प्रकाश, बिपेंद्र अग्रवाल, डॉक्टर बिनोद कुमार, प्रेम पति चखैयार,अम्रेश कुमार, राज कुमार दुबे, प्रोफेसर अरविंद कुमार सिन्हा और अन्य लोग मौजुद थे। इस कार्यकर्म के पहले मंडला अध्यक्ष रोटरी गया सिटी द्वारा गोद लिया हुआ इंग्लिश प्राइमरी स्कूल , कुजाप, का दौरा किया गया है। ज्ञातव्य हो की इस स्कूल को क्लब ने 2022 में गोद लिया था और अब उस स्कूल में आमूल परिवर्तन आ गया है, स्कूल के हर जरूरतों को क्लब ने पुरा किया है।

# आशीर्वाद संवाद कार्यक्रम के माध्यम से लोग से संवाद स्थापित कर रहे हैं - निशिकांत सिन्हा

## बिहार में सामाजिक, शैक्षणिक और आर्थिक बदलाव लाने के अपने लक्ष्य की राह पर

**प्रतिनिधि न्यूज 12 भारत।**

गया। बिहार में आगामी विधान सभा चुनाव 2025 को लेकर सभी राजनीतिक पार्टियां अपनी-अपनी जीत सुनिश्चित करने के लिए कमर कस चुकी हैं। ऐसे में बिहार में सामाजिक, शैक्षणिक और आर्थिक बदलाव की उम्मीद बन कर उभरे यूथ आइकॉन युवा उद्यमी और समाजसेवी निशिकांत सिन्हा अपनी धरती अपने बिहार राज्य के विकास और उन्नति के लिए अलग-अलग जिलों में जन आशीर्वाद संवाद कार्यक्रम के माध्यम से लोगो को ना सिर्फ संबोधित कर रहे हैं बल्कि बिहार में सामाजिक, शैक्षणिक और आर्थिक बदलाव लाने के अपने लक्ष्य की राह पर आगे बढ़ते जा रहे हैं। इसी क्रम में उन्होंने गौतम बुद्ध की धरती गया में भव्य रोड शो किया है। रोड शो के बाद हजारो युवाओं के गगन चुंबी नारों के बीच गया कॉलेज के खेल मैदान पहुंचे। जहां उन्होंने जन आशीर्वाद संवाद कार्यक्रम को संबोधित किया है। बिहार में बदलाव की बयार लेकर आए




युवा उद्यमी और समाजसेवी सिन्हा ने गया की जनता को संबोधित करते हुए कहा कि वो यहां लोगों को नौकरी देने का वादा नहीं करेंगे, बल्कि दूसरों के लिए नौकरी के अवसर बनाने वाली पीढ़ी तैयार करेंगे। हम यहां की जनता को स्किल डेवलपमेंट का तोहफा देंगे ताकि बिहार से श्रम और प्रतिभा का पलायन पूरी तरह से खत्म हो और लोग अपनी धरती अपने बिहार में ही उद्योग स्थापित कर अपने बिहार ही नहीं अन्य राज्यों के युवाओं को भी रोजगार दे सकें। उन्होंने कहा कि हम शिक्षा में आधुनिक तकनीक का समावेश कर शिक्षा के स्तर को ऊँचा करेंगे। जन जन को बेहतर स्वास्थ्य सुविधाएं मुहैया कराएंगे। आधी आबादी को उनका हक दिलाएंगे, बिहार के किन्नरों को ना सिर्फ समाज की मुख्य धारा से जोड़ने का काम करेंगे बल्कि उनके लिए योजनाएं भी लाएंगे। श्री सिन्हा ने कहा कि वो बिहार की कानून व्यवस्था को और मजबूत बनाने का काम भी करेंगे। इस अवसर पर निशिकांत सिन्हा की एक झलक देखने के लिए लाखों की भीड़ उमड़ पड़ी तो ।वहीं इस मौके पर नागमणि कुशवाहा,राकेश कुशवाहा, सुनील यादव, पार्षद सारिका वर्मा, सुनिल बंम्बयीया,सरिता मांझी, अनीता मेहता, मोहिनी प्रकाश, सौरभ कुमार, अरुण कुमार, प्रेम राज कुशवाहा, संगम वर्मा, मोती प्रसाद मुखिया, अमरेश कुमार वर्मा, विक्की कुशवाहा सहित कई गणमान्य लोग मौजूद थे।